COMMONWEALTH OMBUDSMAN
PRIVATE HEALTH INSURANCE

# अंतर्राष्ट्रीय आगंतुक और अंतर्राष्ट्रीय छात्र

## अंतर्राष्ट्रीय आगंतुक और अंतर्राष्ट्रीय छात्र

यदि आप ऑस्ट्रेलिया आए/आई हैं और आप एक अस्थायी वीज़ा धारक हैं, तो आपको अंतर्राष्ट्रीय आगंतुक स्वास्थ्य कवर (ओवीएचसी) खरीदने के बारे में विचार करना चाहिए। यदि यहाँ आपको डॉक्टर को दिखाने या अस्पताल में रहने की आवश्यकता पड़ती है, तो आप अपने उपचार में लगने वाले पूरे शुल्क का भुगतान करने के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे/होंगी, जोकि बहुत महंगा पड़ सकता है।

कुछ परिस्थितियों में आपको अपने वीज़ा की शर्तों के एक हिस्से के रूप में स्वास्थ्य बीमा खरीदना आवश्यक हो सकता है। यदि आप Temporary Skill Shortage (TSS) या वीज़ा उपश्रेणी 485 [Visa Subclass 485] के लिए आवेदन कर रहे/रही हैं, तो आपके लिए न्यूनतम स्तर पर स्वास्थ्य बीमा होना और ऑस्ट्रेलिया में अपने निवास की संपूर्ण अवधि के दौरान इसे बनाए रखना आवश्यक होगा। जो छात्र ऑस्ट्रेलिया में अस्थायी छात्र वीज़ा धारक हैं, उनके लिए वीज़ा की एक शर्त के रूप में अंतर्राष्ट्रीय छात्र स्वास्थ्य कवर (ओएसएचसी) खरीदना आवश्यक हो सकता है।

यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड गणराज्य, न्यू ज़ीलैंड, स्वीडन, नेदरलैंड्स, फिनलैंड, बेल्जियम, नॉर्वे, स्लोवीनिया, माल्टा और इटली के आगंतुक (परंतु छात्र/छात्राएँ नहीं – ओएसएचसी देखें) ऑस्ट्रेलिया के साथ पारस्परिक स्वास्थ्य देखभाल समझौतों (Reciprocal Health Care Agreements) के तहत मेडिकेयर के लाभों के लिए आवेदन कर सकते/सकती हैं। उन्हें सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में तत्काल रूप से आवश्यक चिकित्सीय उपचार प्राप्त हो सकता है, लेकिन अन्यथा उनके पास लाभ प्राप्त करने का अधिकार नहीं होता है और उन्हें ओवीएचसी खरीदने पर विचार करना चाहिए।

यदि आपने हाल ही में एक स्थायी निवासी के रूप में ऑस्ट्रेलिया में आप्रवास किया है या आपने स्थायी निवास के लिए आवेदन किया है, तो आप सामान्यत: मेडिकेयर में शामिल होने के लिए पात्र होते/होती हैं और आपके लिए स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ तुरंत सुलभ होती हैं। आप निवासियों के लिए निजी स्वास्थ्य बीमा भी खरीद सकते/सकती हैं।

**हमसे संपर्क करें**

**ombudsman.gov.au**
**1300 362 072**

GPO Box 442
Canberra ACT 2601

**हमारे कार्यालय इन नगरों में स्थित हैं:**

- **एडिलेड**
- **ब्रिस्बेन**
- **कैनबरा**
- **मेलबर्न**
- **पर्थ**
- **सिडनी**

## मुझे किस प्रकार का कवर खरीदना चाहिए?

| **वीज़ा का प्रकार** | **स्वास्थ्य बीमा का प्रकार** |
|---|---|
| छात्र वीज़ा | अंतर्राष्ट्रीय छात्र स्वास्थ्य कवर आपकी वीज़ा की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। |
| TSS वीज़ा और 457 वीज़ा | 457—अनुपालनीय अंतर्राष्ट्रीय आगंतुक स्वास्थ्य कवर आपकी वीज़ा की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। |
| 485 वीज़ा | 485—अनुपालनीय अंतर्राष्ट्रीय आगंतुक स्वास्थ्य कवर आपकी वीज़ा की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। |
| शर्त 8501 के साथ कोई भी वीज़ा | 457 या 485—अनुपालनीय अंतर्राष्ट्रीय आगंतुक स्वास्थ्य कवर आपके वीज़ा में स्वास्थ्य बीमा की आवश्यकता दर्शाने वाली शर्त 8501 को पूरा करेगा। अन्य प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय आगंतुक स्वास्थ्य कवर या विदेश के कवर भी आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं। |
| कोई भी अन्य वीज़ा | यदि आपको कोई भी मेडिकेयर लाभ प्राप्त नहीं हैं या आपको पारस्परिक मेडिकेयर लाभ प्राप्त हैं, तो आप किसी ऑस्ट्रेलियाई या अंतर्राष्ट्रीय बीमाकर्ता से अंतर्राष्ट्रीय आगंतुक स्वास्थ्य कवर खरीद सकते/सकती हैं।<br><br>यदि आपके पास एक अंतरिम (सामान्य रूप से नीले रंग का) या पूर्ण (सामान्य रूप से हरे रंग का) मेडिकेयर कार्ड है, तो आप ऑस्ट्रेलियाई निवासियों के लिए उपलब्ध निजी स्वास्थ्य बीमा खरीद सकते/सकती हैं। |

## आगंतुकों के लिए स्वास्थ्य बीमा के बारे में सुझाव

निधियों और बीमा नीतियों के बीच लाभ, सदस्यता शुल्क और पात्रता काफी अलग-अलग हो सकते हैं। स्वास्थ्य बीमा खरीदते समय यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरतें कि आपके द्वारा चुने गए कवर आपकी आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त हों।

- **यह सुनिश्चित करें कि आपने जो नीति खरीदी है, आप उसकी प्रतीक्षा अवधियों से अवगत रहें।** अधिकतर बीमाकर्ता पहले से मौजूद रोगों को कवर करने के लिए 12 महीने की प्रतीक्षा अवधि लागू करेंगे और कुछ अन्य बीमाकर्ता पूर्ववर्ती (pre-existing) रोगों को स्थायी रूप से अपवाद स्वरूप मानते हैं, जिसका अर्थ है कि उन्हें कभी भी कवर नहीं किया जा सकता है। सामान्य रूप से ओवीएचसी नीतियाँ ऑस्ट्रेलिया आने पर आरंभ होती हैं, इसलिए ऑस्ट्रेलिया के लिए यात्रा करते समय विकसित होने वाली बीमारियों को सामान्यत: पूर्ववर्ती (pre-existing) माना जाता है।

- **नीति में प्रतिबंधों और अपवादों (exclusions) की जांच करें।** सभी परिस्थितियों को पूरी तरह से कवर नहीं किया जाएगा और कुछ परिस्थितियों को बिल्कुल भी कवर नहीं किया जा सकता है। याद रखें कि अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों के लिए सार्वजनिक अस्पतालों में भी अस्पताल के शुल्क सामान्यत: $1,000 प्रतिदिन से अधिक होते हैं।
- **आप जितना वहन कर सकते/सकती हैं, उसके अनुसार सबसे ऊँचे स्तर का अस्पताल कवर खरीदने के बारे में विचार करें।** प्रीमियम के पैसे बचाने के लिए अधिक प्रतिबंधित लाभों वाली कम शुल्क की नीति खरीदने के बजाए आप उपचार की आवश्यकता पड़ने पर अधिक अतिरिक्त (higher excess) का भुगतान करने का चयन कर सकते/सकती हैं।
- **इस बात की जांच करें कि आपकी नीति दवाइयों के लिए कितना कवर देगी**, क्योंकि अधिकाँश नीतियों में केवल सीमित कवर ही उपलब्ध रहता है और कैंसर के उपचार में प्रयोग की जाने वाली केमोथेरेपी की दवाइयों जैसी बहुत महंगी दवाइयों को पर्याप्त रूप से कवर नहीं किया जाता है। इन दवाइयों के लिए हज़ारों डॉलर का खर्चा आ सकता है।
- **यदि आपकी वीज़ा की स्थिति या मेडिकेयर पात्रता में कोई परिवर्तन होता है**, तो अपने बीमाकर्ता को जल्दी से जल्दी सूचित करें। उनसे यह पता करें कि क्या आपकी नीति अभी भी उपयुक्त है या नहीं, क्योंकि हो सकता है कि आप इस स्थिति में निवासी कवर लेने में सक्षम हों।
- **अपनी नीति का भुगतान समय पर करें और इसे अद्यतन बनाए रखें।** अपनी नीति के लिए भुगतान करने में देरी हो जाने की स्थिति में आपका फंड दावों को अस्वीकार कर सकता है या आपकी सदस्यता को रद्द कर सकता है।
- **यदि आप उपचार प्राप्त करने की उम्मीद कर रहे/रही हैं, तो अपनी निधि से संपर्क करें** और यह पता लगाएँ कि क्या आपको कवर किया जाएगा और आपको कितना भुगतान करने की आवश्यकता होगी। यदि आपको अपने बीमाकर्ता द्वारा कवर न किए जाने वाले गए उपचार की आवश्यकता है, तो अपने सेवा प्रदाता से यह पता लगाने के लिए कहें कि आपको अपनी ओर से कितना भुगतान करने की आवश्यकता होगी। यदि संभव हो, तो एक लिखित मूल्य के लिए पूछें।

और अधिक जानकारी वेबसाइट **ombudsman.gov.au** पर उपलब्ध है।

कृपया ध्यान दें: इस प्रपत्र का उद्देश्य केवल एक निर्देशिका के रूप में मार्गदर्शन करना है। इसलिए व्यक्तिगत मामलों में इस जानकारी पर कानूनी सलाह के रूप में या कानूनी सलाह के एक विकल्प के रूप में निर्भर नहीं किया जाना चाहिए। राष्ट्रमंडल लोकपाल कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक इस प्रपत्र पर निर्भरता के परिणामस्वरूप आपको होने वाली किसी भी हानि या क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। उद्धृत अधिनियमों के सबसे अद्यतित संस्करणों के लिए कृपया Federal Register of Legislation देखें।